`सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त अंतर विश्वविद्यालय केंद्र
**Information and Library Network Centre**
**An Autonomous Inter-University Centre of UGC**
**गांधीनगर / Gandhinagar-382 007**

INFLIBNET

दिनांक : **13.07.2026**

## राजभाषा हिंदी उप-समिति की बैठक का विवरण/कार्यवृत

राजभाषा हिंदी उप-समिति की बैठक दिनांक **13.07.2026** को दोपहर **12:30 बजे** डॉ. सुरभि की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों ने उपस्थित रहकर चर्चा में उत्साहपूर्ण भाग लिए ।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:

**(राजभाषा हिंदी उप-समिति)**

1. डॉ. सुरभि, वैज्ञानिक-सी (एल .एस.) - संयोजक
2. श्री विकास पाल, वैज्ञानिक-सी (सी.एस.) - सदस्य
3. श्रीमती हेमा चोलिन वैज्ञानिक-सी (एल.एस.) - सदस्य
4. श्री हेमंत कुमार, वैज्ञानिक-बी (एल.एस.) - सदस्य
5. डॉ. नवनीत कुमार शर्मा, वैज्ञानिक-बी (एल.एस.) - सदस्य सचिव

बैठक में श्री पल्लब प्रधान अनुपस्थित थे तथा श्री विक्की साव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

उप-समिति के सदस्यों ने निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श के साथ अपने सुझाव प्रस्तुत किए :-

1. सदस्यों द्वारा केंद्र की पुस्तकालय आवश्यकताओं के दृष्टिगत पुस्तकों के क्रय (प्रोक्योरमेंट) की प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण किए जाने पर बल दिया गया। इस संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि उप-समिति के प्रत्येक सदस्य अपनी-अपनी विषय-वस्तु से संबंधित पुस्तकों का चयन कर उनकी सूची उपलब्ध कराएंगे, ताकि पुस्तकों के क्रय की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ कर यंथाशीघ्र पूर्ण किया जा सके ।

2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (**यूजीसी**) की प्रस्तावित **राजभाषा निरीक्षण समिति** के आगमन के दृष्टिगत निरीक्षण के सभी चेक-पॉइंट्स के अनुरूप आवश्यक तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ शीघ्र पूर्ण करने पर सहमति व्यक्त की गई ।

3. केंद्र की **राजभाषा हिंदी वेबसाइट** को यथाशीघ्र होस्ट किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि वेबसाइट में विद्यमान त्रुटियों का शीघ्र सुधार कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए तथा वेबसाइट को यथाशीघ्र होस्ट किया जाए ।

4. आगामी **हिंदी पखवाड़ा-2026** के आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। इसके सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई।

5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की प्रस्तावित राजभाषा निरीक्षण समिति के आगमन के दृष्टिगत निरीक्षण हेतु केंद्र की वार्षिक प्रतिवेदन **(Annual Report)** एवं समाचार-पत्रिका **(Newsletter)** की मुद्रित प्रतियाँ तैयार किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि आवश्यक संशोधनों के उपरांत दोनों प्रकाशनों की मुद्रित प्रतियाँ यथाशीघ्र तैयार कराई जाएँ।

| हेमंत कुमार | नवनीत कुमार शर्मा | हेमा चोलिन | विकास पाल | सुरभि |
|---|---|---|---|---|